शहीद दिवस

30 जनवरी, 2023 को **भारत उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित** करने के लिये **शहीद दिवस** के रूप में मनाता है, **जिन्होंने देश के लिये बलिदान दिया।** इस दिन को देश के **'बापू', महात्मा गांधी** की पुण्यतिथि के रूप में भी चिह्नित किया गया है।

- **भारत में शहीद दिवस** या **सर्वोदय दिवस वर्ष में कई बार** मनाया जाता है।

शहीद दिवस:

- **स्मृति में:**
  - महात्मा गांधी जिनका **जन्म 2 अक्तूबर, 1869** को हुआ था, भारत के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक थे तथा **उन्होंने देश की स्वतंत्रता में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।**
  - इसी दिन **वर्ष 1948 में नाथूराम गोडसे** ने **नई दिल्ली के बिड़ला हाउस में महात्मा गांधी की हत्या** कर दी थी।
- **जश्न मनाने का माध्यम:**
  - भारत ने **दिल्ली में राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर शहीद दिवस मनाया।**
    - राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री और तीनों सेना प्रमुख (सेना, वायु सेना और नौसेना) **'राष्ट्रपति'** को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
- **महत्त्व:**
  - शहीद दिवस का महत्त्व इस तथ्य में निहित है कि महात्मा गांधी ने **अहिंसक दृष्टिकोण के माध्यम से ब्रिटिश शासन के खिलाफ प्रमुख आंदोलनों का नेतृत्त्व किया।**
    - उनका दर्शन **अहिंसा,** सत्य के लिये लड़ाई **(सत्याग्रह),** राजनीतिक और व्यक्तिगत स्वतंत्रता **(स्वराज)** के सिद्धांतों पर आधारित था तथा उनके सिद्धांतों ने लाखों लोगों को प्रेरित किया।

भारत में अन्य शहीद दिवस:

दिवस	परिचय
23 मार्च	▪ इस दिन **भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर** को लाहौर जेल में अंग्रेज़ों ने फाँसी पर लटका दिया था।
19 मई	▪ यह असम में 19 मई, 1961 को राज्य पुलिस द्वारा मारे गए लोगों की याद में मनाया जाता है। ◦ इस दिन को **भाषा शहीद दिवस के रूप में नामित किया गया था।**
13 जुलाई	▪ जम्मू-कश्मीर के **महाराजा हरि सिंह** के शासन के खिलाफ प्रदर्शन करते समय मारे गए लोगों को याद करने के लिये **कश्मीर** 13 जुलाई को **शहीद दिवस** के रूप में मनाता है।
17 नवंबर	▪ ओडिशा इस दिन को प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी **लाला लाजपत राय** को उनकी पुण्यतिथि पर याद करने के लिये मनाता है।
19 नवंबर	▪ रानी लक्ष्मीबाई **की जयंती** को झांसी के लोग **शहीद दिवस** के रूप में मनाते हैं। ◦ यह दिन **1857 के विद्रोह** में मारे गए **सभी लोगों के योगदान के उपलक्ष्य** में मनाया जाता है।
24 नवंबर	▪ सिख समुदाय **द्वारा इसे शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है**

	क्योंकि यह नौवें सिख **गुरु तेग बहादुर** की पुण्यतिथि है। ▪ उन्होंने गैर-मुसलमानों के **ज़बरन धर्मांतरण का विरोध किया** और वर्ष 1675 में **मुगल बादशाह औरंगज़ेब द्वारा उनकी हत्या कर दी गई।**

स्रोत: इकोनॉमिक टाइम्स

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/shaheed-diwas-2